# जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने किया आष्टा जनपद की अनेक ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण

**समग्र ईकेवाईसी के कार्य में लापरवाही बरतने पर 02 पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश ईकेवाईसी कैंपों, जल गंगा संर्वधन अभियान सहित अन्य गतिविधियों का किया निरीक्षण**

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने आष्टा जनपद की अनेक ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित किए जा रहे समग्र ईकेवाईसी कैंपों, जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों, जल जीवन मिशन के कार्यों सहित अनेक गतिविधियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने ग्राम पंचायत बैदाखेडी का औचक निरीक्षण कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नागरिकों के लिये चलाये जा रहे हाईवे मित्र अभियान के स्थलों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने आष्टा नगर पालिका में संचालित किए जा रहे समग्र ईकेवाईसी कैंप का निरीक्षण किया और ईकेवाईसी के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आष्टा जनपद सीईओ अमित कुमार व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने ग्राम लसूडिया जयसिंह एवं खामखेड़ा जत्रा में समग्र ईकेवाईसी कैंप के निरीक्षण के दौरान ईकेवाईसी के कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम लसूडिया जयसिंह एवं ग्राम खामखेड़ा जत्रा के पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### तालाब एवं बांस वृक्षारोपण कार्य का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सिद्दीकगंज में निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब पर ग्रामवासियों के लिये पार्क डेवलपमेंट एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही तत्पश्चात राष्ट्रीय आजीविका मिशन-ग्रामीण अंतर्गत पंजीकृत स्वसहायता समूह द्वारा रोपित सामुदायिक बांस वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण भी किया और वृक्षारोपण की देखरेख एवं संधारण के लिए संबंधित समूह को निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत गोविंदपुरा में पार्वती नदी के उद्गम स्थल का भी निरीक्षण किया।

## शासन की योजनाओं का प्रमुखता से प्रचार प्रसार करें : संयुक्त संचालक जनसंपर्क श्री मित्तल

### जनसंपर्क विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न



सीहोर (निप्र)। जनसंपर्क अधिकारी शासकीय योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रमुखता से प्रचार प्रसार करें। साथ ही जनसमस्याओं के बारे में शासन और प्रशासन को नियमित रूप से जानकारी देकर, समस्याओं के त्वरित निराकरण में सहयोग दें। मीडिया से निरंतर संवाद एवं समन्वय रखें तथा उनका प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग लें। यह निर्देश संयुक्त संचालक जनसंपर्क पंकज मित्तल ने शुक्रवार को संभागीय जनसंपर्क कार्यालय भोपाल में आयोजित भोपाल संभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सीहोर उप संचालक देवेंद्र ओगारे, भोपाल उप संचालक अरुण शर्मा, राजगढ़ सहायक संचालक सुरेंद्र तिवारी, विदिशा सहायक जनसंपर्क अधिकारी बीडी अहरवाल सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन प्रारंभ एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए 31 मई 2025 तक एमपीटास पोर्टल खोला गया है। इसके लिए सभी पात्र विद्यार्थी 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे संस्था में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराएं। ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

## भारतीय शिक्षण मण्डल के 56 वां स्थापना




सीहोर (निप्र)। श्री सत्य साईं विश्व विद्यालय में भारतीय शिक्षण मण्डल के 56 वां स्थापना दिवस विश्व विद्यालय के कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिरायु विश्व विद्यालय के कुलगुरु डॉ सुदेश कुमार सोहनी, मुख्य वक्ता अर्थशास्त्री, शिक्षाविद डॉ एचबी गुप्ता का व्याख्यान आकर्षक और उत्साहवर्धक था। शिक्षा के रामत्व पर विशेष चर्चा की गई। डॉ मुकेश तिवारी द्वारा शिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से चरित्र और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण पर विशेष वक्तव्य दिया गया। मुख्यतया चरित्र निर्माण, समय प्रबंधन और कर्म और कर्म करते हुए आगे बढ़ते रहना चर्चा के मुख्य बिन्दु रहे। डॉ सुदेश कुमार ने आपसी भाईचारा और सदभाव रखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ तबस्सुम खान द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ राजेंद्र कुशवाहा ने किया सम्पूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डा. हेमंत शर्मा द्वारा की गई।

## ईकेवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड के लिए लगाए जा रहे हैं कैंप

### इछावर जनपद सीईओ ने किया कैंप का निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी और नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही कैंप में पात्र हितग्राहियों को शासन की अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए भी पंजीयन किया जा रहा है। इसी क्रम में इछावर जनपद के ग्राम सेवनिया परिहार में कैंप आयोजित किया गया और राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी के साथ ही अन्य नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इछावर जनपद सीईओ श्रीमती शिवानी मिश्रा ने कैंप का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विश्व मलेरिया दिवस पर प्रशिक्षु एएनएम कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



सीहोर (निप्र)। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीहोर में नव प्रशिक्षु एएनएम कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा प्रशिक्षु एएनएम कार्यकर्ताओं को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के नियंत्रण के लिए बनाई जाने वाली रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही संक्रमण काल के दौरान होने वाली बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए प्रशिक्षित किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया एवं अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑयल बाल का निर्माण किया जाएगा और जलभराव होने पर पर लार्वा नष्टीकरण के लिए इन ऑयल बाल्स का उपयोग किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। विश्व मलेरिया का उद्देश्य इस बात को समझाना है कि मलेरिया केवल स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी बाधा डालता है। जब तक समाज में एक भी व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित है तब तक समाज पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का उद्देश्य है कि मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज किया जाए ताकि समाज में प्रत्येक व्यक्ति इस बीमारी से सुरक्षित रहे। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम "Malaria Ends With Us: Reinvest, Reimagine, Reignite" है।

## भगवान परशुराम हम सबके, सब मिलकर मनाएंगे जन्मोत्सव-राय

### सर्व ब्राह्मण समाज ने विधायक सुदेश राय को दिया भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आमंत्रण

सीहोर (निप्र)। सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में आराध्य भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव आस्था उत्साह से मनाया जाएगा। सर्व ब्राह्मण समाज ने शुक्रवार को लीसा टाकिज स्थित कार्यालय पहुंचकर विधायक सुदेश राय को महोत्सव का आमंत्रण दिया। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों के स्वागत उत्तर में आमंत्रण स्वीकार करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि भगवान परशुराम केवल सर्व ब्राह्मण समाज के हीं नही है भगवान परशुराम हम सबके सर्व हिन्दू समाज के है हम सब मिलकर भगवान का जन्मोत्सव मनाएंगे। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की सफसलता के लिए ब्राह्मण समाज और विशिष्ठजनों के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है।

## पत्र पत्रिकाओं के अंक पीआईबी कार्यालय जमा करने एवं सेवा पोर्टल पर डिजिटल फोटो अपडेट करने वाले आदेश को निरस्त कराने हेतु मध्यप्रदेश मीडिया संघ सीहोर जिला इकाई ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश मीडिया संघ के जिलाध्यक्ष नितिन जौहरी के नेतृत्व में पत्रकारगणों के साथ कलेक्टर प्रतिनिधि भरत नायक तहसीलदार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक आदेश निकाला है, जिसमें पत्र पत्रिकाओं को पीआईबी ऑफिस में नियमित जमा करने को कहा है जो असुविधा जनक है, क्योंकि जिलों में पीआईबी के ऑफिस नहीं है। जिलों में संपादक बंधु जिला जनसंपर्क कार्यालय में प्रति जमा कर रहे हैं। फिर पीआईबी कार्यालय में अंक जमा करने एवं सेवा पोर्टल में डिजिटल फोटो अपलोड करने का आदेश क्यों निकाला जो पत्र पत्रिकाएं में पीआईबी की सूची में शामिल है उन पर लागू होना चाहिए। मध्य प्रदेश मीडिया संघ ने मांग की है कि पत्र पत्रिकाओं के अंक पीआईबी ऑफिस कार्यालय में जमा करने एवं सेवा पोर्टल में डिजिटल फोटो अपडेट करने वाले आदेश को शीघ्र निरस्त करने का आदेश प्रदान किया जावे। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारगणों में प्रमुख रूप से मीडिया संघ के संरक्षक के.जी.बैरागी, जिला अध्यक्ष नितिन जौहरी, सन्तोष सिंह बैस, श्याम सोनकर, कमलेश परमार, रमेश बाजपेयी, अशोक सामाधिया, नरेन्द्र खंगराले, नीतेश योगी, वृन्दा विश्वकर्मा, भारती राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## बीएसआई पर खिलाड़ियों ने एकजुट होकर दी श्रद्धांजली

सीहोर (निप्र)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को शहर के बीएसआई मैदान पर बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई। पहलगाम आतंकी हमले पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मदन कुशवहा, मनोज दीक्षित मामा, अतुल कुशवाहा आदि ने कहाकि यह एक निंदनीय घटना है।

उन्होंने कहा हम पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम विश्वास करते हैं कि भारत सरकार, हमारे वीर सेना के जवान हर ऐसा संभव प्रयास करेगी कि ऐसी घटना दोबारा न हो सके और देश के नागरिक सदैव सुरक्षित रहें। पूरा देश एक साथ आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष के लिए खड़ा है।

## आज स्वस्थ गांव, समृद्ध समाज, ट्राइडेंट ग्रुप की सौगात निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सीहोर (निप्र)। स्वस्थ गांव, समृद्ध समाज, ट्राइडेंट ग्रुप की सौगात निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पीलिकरार, 26 अप्रैल सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। ट्राइडेंट ग्रुप की इकाई के अंतर्गत हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल एम्बुलेंस द्वारा परियोजना की शुरूआत मधुबन अस्पताल (ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन) की इकाई के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रुप ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में उपलब्ध निःशुल्क सेवाएं, अनुभवी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं परामर्श जांच की जाएगी।

## शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान में आज किया जाएगा शिव अर्चना

### वैशाख पूर्णिमा पर भगवान महाकाल, भगवान विष्णु-लक्ष्मी का किया जाएगा विशेष अभिषेक

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व के अंतर्गत मई माह में वैशाख पूर्णिमा पर भगवान महाकाल, भगवान विष्णु-लक्ष्मी का विशेष अभिषेक किया जाएगा। शुक्रवार को यहां पर महिला मंडल ने भजन कीर्तन किया और अब शनिवार को मासिक शिव चतुर्दशी पर शिव अर्चना की जाएगी। इस मौके पर समिति के पंडित कुणाल व्यास और मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि वैशाख माह चल रहा है और श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान शिव की अर्चना के साथ ही दस महाविद्या का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है।

## टेंट सिटी में तब्दील हुआ यज्ञ स्थल, 108 यज्ञशालाओं का निर्माण किया

### रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में किया जाएगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



सीहोर (निप्र)। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार के में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित रोड माधव आश्रम के पास में रविार से 30 अप्रैल तक होने वाले 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए यज्ञशाला, संस्कार शाला और प्रदर्शनी शाला सहित अन्य का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यज्ञ स्थल को टेंट सिटी में तब्दील किया गया है। गायत्री परिवार के पदाधिकारी और श्रद्धालुओं के द्वारा भव्य रूप से तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम जिला संयोजक श्रीमती रमिला परमार ने बताया कि रविवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ चार दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर गुरुदेव की एक प्रदर्शन और युग साहित्य की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। गुरुदेव श्रीराम के युग साहित्य और उनके द्वारा किए गए कार्यों को प्रदर्शित करना, जिससे लोग उनके विचारों और सिद्धांतों से अवगत हो सकें। शुक्रवार की शाम को बड़ी संख्या में परिवार के लोग शामिल थे। जिसमें महायज्ञ को लेकर उपजोन समन्वयक आरपी हजारी आदि ने शामिल थे।

### साहित्यिक धरोहर से श्रद्धालुओं को परिचित कराना

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के द्वारा रचित युग साहित्य को उजागर करना और उनकी साहित्यिक धरोहर से श्रद्धालुओं को परिचित कराना है। इस प्रदर्शनी में आचार्य जी के जीवन, उनके साहित्य, विचारधारा और समाज में उनके योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार के केन्द्र शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा अखण्डदीप एवं शक्तिस्वरूपा माताजी की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के निमित्त जनजागरण एवं राष्ट्र को सशक्त तथा फिर से जगद्गुरू बनाने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यज्ञों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी श्रृंखला में नगर सीहोर में शैफली पंड्या दीदी शांतिकुजं हरिद्वार की विशेष उपस्थिति में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है।

### रविवार को दोपहर में भव्य शोभा कलश यात्रा और शाम को आद्यशक्ति गायत्री

संयोजक ने बताया कि चार दिवसीय महायज्ञ में रविवार को दोपहर शहर में भव्य शोभा कलश यात्रा शहर के नदी चौराहे से यज्ञ स्थल तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात आद्य शक्ति गायत्री, युग शक्ति गायत्री पर उद्बोधन किया जाएगा। इसके पश्चात सोमवार की सुबह पांच बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग का आयोजन किया जाएगा। वहीं सात बजे से यज्ञ का ज्ञान-विज्ञान देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ के अलावा दोपहर दो बजे नव दंपति शिविर, दोपहर तीन बजे युवा जागरण एवं जैविक कृषि गोपालन पर विशेष उद्बोधन और शाम छह बजे नारियों जागों स्वयं को पहचानों विशेष उद्बोधन किया जाएगा।

## बाल विवाह के विरोध में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा का सशक्त संकल्प

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा ने बाल विवाह के खिलाफ सशक्त शपथ लेते हुए स्पष्ट किया कि वे किसी भी रूप में बाल विवाह का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी भी बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है, तो सम्बंधित विभाग महिला बाल विकास कार्यालय सीहोर, चाइल्ड हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर 1098 अथवा एक्सेस टू जस्टिस के ज़िला प्रभारी सुमित गौर को तुरंत सूचित करें, ताकि बच्चों के जीवन को एक नई दिशा देने में सहायता मिल सके। सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा ने कहा कि समाज को इस कुप्रथा से मुक्त कराने के लिए सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह उन्मूलन अभियान की सराहना की और आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस मिशन का हिस्सा बनकर सीहोर ज़िले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

इस जागरूकता अभियान में सीहोर ज़िला प्रभारी सुमित गौर भी सक्रिय रूप से शामिल रहे और उन्होंने भी समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई।

## सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर ब्लू को 4-2 से हराया स्ट्राइकर नैतिक ने लगाए 3 गोल



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय लीग फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीहोर ब्लू को 4-2 से हराया। इस मैच के दौरान सीहोर चिल्ड्रन की ओर से नैतिक ने अंतिम समय में 3 गोल किए। मैच के आरंभ पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत पर खिलाड़ियों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजली अर्पित की।शुक्रवार की शाम को हुए इस मैच में सीहोर ब्लू की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2-1 से सीहोर चिल्ड्रन पर बढ़त बनाई थी, लेकिन अंतिम समय में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से स्ट्राइकर नैतिक ने 3 गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। इसमें सीहोर ब्लू की ओर से 2 गोल गोपाल ने और सीहोर चिल्ड्रन की ओर से नैतिक ने 3 और श्याम ने 1 गोल किया था। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को सीहोर बाइज-सीहोर क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com